प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

30 जून 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 1 जुलाई 2023 – 31 दिसंबर 2023 की अवधि के लिए अस्थिर दर वाले बचत बॉण्ड, 2020 (कर योग्य) - एफ़आरएसबी 2020 (टी) संबंधी ब्याज दर की घोषणा की

अस्थिर दर वाले बचत बॉण्ड, 2020 (कर योग्य) - एफ़आरएसबी 2020 (टी) पर दिनांक 26 जून 2020 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ़.संख्या.4(10)-बी(डब्ल्यूएंडएम)/2020 के पैरा 13 (ii) के अनुसार, बॉण्ड के कूपन/ ब्याज दर को छमाही में पुनर्निर्धारित किया जाएगा, जो 1 जनवरी 2021 से शुरू होगा और कूपन/ ब्याज दर को प्रचलित राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) दर से अधिक (+) 35 बीपीएस के स्प्रेड पर निर्धारित किया जाएगा।

2. दिनांक 30 जून 2023 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ.सं. 1/4/2019 - एनएस द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के लिए एनएससी संबंधी ब्याज दर को संशोधित कर 7.7% कर दिया गया है। तदनुसार, 1 जुलाई 2023 से 31 दिसंबर 2023 की अवधि के लिए एफ़आरएसबी 2020 (टी) संबंधी कूपन दर, जो 1 जनवरी 2024 को देय है, को 8.05% (7.7%+0.35%= 8.05%) पर पुनर्निर्धारित कर दिया गया है।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/515